दुबई सप्लाई अथॉरिटी (DUSUP) वेबसाइट:
https://www.dusup.ae

# हाइड्रोकार्बन ( गैस और फ़्यूल ) पाइपलाइनों के


## आसपास के क्षेत्र में काम करना



हाई प्रेशर प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम ऑयल ट्रेन्स्मिशन की भूमिगत पाइपलाइनें आपके काम में या काम के निकट मौजूद हो सकती हैं। ये पाइपलाइनें 960psi तक के दबाव पर संचालित होती हैं और पाइपलाइन में किसी भी तरह की क्षति, आपको तथा आपके समुदाय, दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।

पाइपलाइनों को थर्ड पार्टी से क्षति होने से थर्ड पार्टी की सबसे स्पष्ट और दुर्भाग्यपूर्ण कीमत उनके चोट लगने या मृत्यु होने के रूप में हो सकती है।








# दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) का व्यवसाय:

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) अपने पाइपलाइन नेटवर्क के द्वारा दुबई अमीरात को ऊर्जा सप्लाई (प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति प्रदान करता है और दुबई के भीतर DUSUP, ENOC ग्रूप, EMDAD और डॉल्फ़िन एनर्जी के हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों के लिए एनओसी प्रबंधित करता है।
नो ओब्जेक्शन सर्टिफ़िकेट दुबई सरकार क़े ई-एन.ओ.सीं प्रणाली मे ज़मा करना है जिसका प्रबंधन रोड्ज़ और ट्रांस्पोर्ट प्राधिकरण करता है। **https://noc.rta.ae/RTAeNOC**

दुबई सप्लाई अथॉरिटी (DUSUP) एनओसी सिस्टम के तहत कवर की गई गैस और फ़्यूल (हाइड्रोकार्बन) की पाइपलाइनें दुबई के निम्नलिखित उपक्रमों को फ़्यूल (ईंधन) प्रदान करती हैं:


1. बिजली और जल उत्पादन
2. उद्योग
3. हवाई अड्डा



**स्मरण रखें:** पाइपलाइनों की सुरक्षा करना प्रत्येक का कर्तव्य है।

# दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) एनओसी

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) **अनापत्ति प्रमाणपत्र** (एनओसी), गैस और फ़्यूल पाइपलाइनों/सुविधाओं के पास गतिविधियों की निगरानी करने और उस पर नियंत्रण रखने की एक प्रणाली है।




बिना एनओसी के पाइपलाइनों के 60 मीटर के भीतर और पाइपलाइन कॉरिडोर के भीतर कोई काम नहीं करना हे

DEWA पॉवर स्टेशन और EGA (दुबई) बाउंड्री फेंस के भीतर: दुबई सप्लाई अथॉरटी की पाइपलाइनों के 10 मीटर के भीतर DUSUP एनओसी आवश्यक है।

ऑन-साइट पाइपलाइन प्रतिनिधि (DUSUP पाइपलाइन विभाग के कर्मचारी) के बिना पाइपलाइन के 10 मीटर के भीतर कोई काम नहीं करना हे

केवल (बेलचा) के द्वारा पाइपलाइन के पांच (5) मीटर के भीतर खुदाई करना हे | किसी भी पिकऐक्स, संचालित खुदाई उपकरण या मशीनों से खुदाई की अनुमति नहीं है।

# पाइपलाइन की गश्ती करना

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) किसी भी तरह की अनधिकृत गतिविधिया, विलेप, भू-क्षरण या अन्य मुद्दों का पता लगाने के लिए जो कि पाइपलाइनों के सुरक्षित संचालन को प्रभावित कर सकते हैं, दिन में दो बार हर पाइपलाइन रूट पर करते करते है।



# पाइपलाइन मार्कर (निशान)

DUSUP पाइपलाइन के चेतावनी संकेत और निशान लगभग रूप से संकेत देते हैं पर यह पाइपलाइनों के सटीक स्थानों का संकेत नहीं देते हैं। किसी भी प्रकार के आपात स्थिति समस्याओं को सूचित करने के लिए एक DUSUP आपातकालीन संपर्क नंबर (04-880 1867) प्रदान करते हैं। पाइपलाइन चेतावनी संकेत तथा पाइपलाइन मार्कर पर आपातकालीन संपर्क नंबर उपलब्ध हैं।

पाइपलाइन के चेतावनी संकेत 250 मीटर के अंतराल पर पाइपलाइन बर्म के समीप स्थापित रहते हैं जैसे - KM26+250, KM26+500 आदि।

पाइपलाइन मार्कर (चिन्ह या निशान), पाइपलाइन चेतावनी संकेतों के बीच पाइपलाइन बर्म के बीच में होते हैं, यानि हर 125 मीटर पर।




DUSUP चेतावनी संकेत




DUSUP पाइपलाइन मार्कर

# DUSUP संकेत












सीपी टेस्ट POST




VENT संकेत

# EPPCO & EMDAD चेतावनी संकेत




EPPCO बर्म और चेतावनी संकेत




EMDAD बर्म और चेतावनी संकेत

# DOLPHIN ENERGY चेतावनी संकेत






# महत्वपूर्ण:

भूमिगत पाइपलाइनों के लिए पाइपलाइन बर्म एक मुख्य सुरक्षा है लेकिन पाइपलाइनें बर्म के हम्प के भीतर हो सकती हैं।

पाइपलाइन बर्म के पास काम करते समय DUSUP से सलाह लें।



# भूमिगत केबल, पानी और हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन का ओपेन कट के द्वारा पाइपलाइन (पाइपलाइनों) को पार करना:

केबल, पानी और अन्य उपयोगिताओं को मौजूदा हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन के नीचे और क्रांसिग उपयोगिताओं के ऊपर के बीच में से न्यूनतम एक मीटर वर्टिकल क्लीयरेंस के साथ पाइपलाइन के नीचे से गुजारना होगा।

स्वीकृत कंक्रीट स्लैब को मौजूदा पाइपलाइन और प्रस्तावित उपयोगिता के बीच प्रदान किया जाना चाहिए।

इस क्रॉसिंग एलिवेशन को पाइपलाइन कॉरिडोर की समस्त चौड़ाई में बनाए रखा जाना चाहिए।




# भूमिगत केबल, पानी और हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन का ट्रेंचलेस विधि के द्वारा किसी पाइपलाइन (पाइपलाइनों) को पार करना (एचडीडी को छोड़कर):

यदि स्लीव/ॲटिलिटी का आकार < मीटर (Dia.) है: तब न्यूनतम वर्टिकल क्लीयरेंस 2.0 मीटर अवश्य होना चाहिए।

यदि स्लीव/ॲटिलिटी का आकार > मीटर (Dia.) है: तब न्यूनतम वर्टिकल क्लीयरेंस स्लीव/ॲटिलिटी का 2.0 गुना होना चाहिए।

क्रॉसिंग के हॉरिजेंटल डॉयरेक्श्नल ड्रिलिंग (एचडीडी) विधि के लिए अलग-अलग क्रॉसिंग आवश्यकताएं लागू होती हैं।





**.इस निम्नतम क्रॉसिंग ऊंचाई को पाइपलाइन कॉरिडोर की समस्त चौड़ाई में बनाए रखा जाना चाहिए।**

# भूमिगत केबल, पानी और हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन का हॉरिजेंटल डॉयरेक्श्नल ड्रिलिंग (एचडीडी) विधि के द्वारा किसी पाइपलाइन (पाइपलाइनों) को पार करना


हॉरिजेंटल डॉयरेक्श्नल ड्रिलिंग (एचडीडी) विधि के लिए क्रॉसिंग आवश्यकताएं:

मौजूदा पाइपलाइन (पाइपलाइनों) को पायलट ड्रिल और रीमर, दोनों को क्रॉस करने के दौरान खुला (ऑब्जर्वेशन पिट) रखा जाना चाहिए।

वैकल्पिक तौर पर, ठेकेदार प्रस्तावित पाइपलाइन से मौजूदा पाइपलाइन तक न्यूनतम 5.0 मीटर वर्टिकल क्लीयरेंस के साथ अनुमोदित वायरलाइन ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग कर सकता है।



# सड़क के द्वारा किसी पाइपलाइन (पाइपलाइनों) को पार करना



Typical Road Crossing Over Existing Pipeline

जहां पर कोई सड़क-मार्ग किसी पाइपलाइन को क्रॉस करता है, वहां पर DUSUP द्वारा अनुमोदित सुरक्षा डिजाइन के अनुसार पाइपलाइन को संरक्षित किया जाना चाहिए। पाइपलाइन सुरक्षा रोड शोल्डर के किनारे (या तटबंध के आगे के सिरे, जो भी अधिक हो) से परे आगे अवश्य होना चाहिए जो कि इस प्रकार है:-

- गोल चक्कर, एलिवेटेड रोड या ब्रिज क्रॉसिंग में – 20 मीटर।
- सीधी रोड के भागों में – 10 मीटर

मौजूदा पाइपलाइनें, जो रोड किनारे से 10 मीटर की समानांतर दूरी के भीतर हैं, उन्हें DUSUP द्वारा अनुमोदित सुरक्षा स्लैब से संरक्षित किया जाना चाहिए।

सड़क के किनारे दुर्घटना सुरक्षा (क्रैश प्रोटेक्शन) को रोड क्रॉसिंग के 20 मीटर की पहुंच और सड़क क्रॉसिंग के 8 मीटर लीविंग साइड में अवश्य प्रदान किया जाना चाहिए।

# खुदाई – खाई से सुरक्षा

शोरिंग, स्लोपिंग या स्टेप कटिंग (बेंचिंग) हेतु 1.2 मीटर से अधिक गहरी खुदाई के लिए प्रदान किया जाना चाहिए।




**टाइप-ए:** क्ले, सॉलटी क्ले या सैंडी क्ले (बलुआ मिट्टी)


**टाइप-बी:** सॉल्टी, सैंडी लोम्स, मीडियम क्ले (मिट्टी) और अस्थिर चट्टान

**टाइप-सी:** दानेदार जैसे बजरी, रेत और दोमट रेत (सबसे अस्थिर मिट्टी, यदि यह तय किया गया कि




मिट्टी का वर्गीकरण नहीं किया जाएगा, तब: मिट्टी को टाइप ''सी'' के अंतर्गत माना जाएगा और : खुदाई में 1 ½ हॉरिजेंटल से 1 वर्टिकल (34 डिग्री) का स्लोप (ढ़लान) होना चाहिए।




**नोट:** मिट्टी का वर्गीकरण और स्लोप (ढ़लान) OSHA की अनुशंसा के अनुसार।

# विकास



अस्थायी श्रमिक शिविरों (कैंप) को पाइपलाइनों से जितना हो सके (यथासंभव) उतनी दूर रखा जाना चाहिए (अनुशंसित न्यूनतम दूरी 135 मीटर और 305 मीटर की संस्तुत दूरी)।

प्रस्तावित विकास कार्य की निकटता में, मौजूदा और प्लान की गई हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए किसी भी विकास कार्य जैसे 370 मीटर के भीतर की बहुमंजिला इमारत या पब्लिक असेंबली जैसे स्कूल, मस्जिद या अस्पताल का DUSUP के द्वारा QRA समीक्षा करने के लिए और जोखिम मूल्यांकन करने के लिए प्लॉट के डेवलपर को आवश्यकता पड़ सकती है।

# एनओसी कार्यों हेतु DUSUP से संपर्क करना

**पाइपलाइन के पास किसी भी काम को करने के लिए DUSUP को चार (4) कार्यदिवसों के भीतर पहले से ही इसकी सूचना अवश्य दे देनी चाहिए।**

### संपर्क नंबर:

### प्राथमिक:

**टेलीफोन: (050) 640 - 6096** **फैक्स: (04) 880 - 3460**

**ईमेल: Work.NOC@dusup.ae**

### वैकल्पिक:

**टेलीफोन: (056) 536 - 2650** **फैक्स: (04) 880 - 3460**

# आपातकालीन संपर्क

**DUSUP गैस कंट्रोल स्टेशन (24 घंटे)**

**टेलीफोन: (04) 880 - 1867** **फैक्स: (04) 880 - 1808**

# हम आपकी टिप्पणियों को महत्व देते हैं

पाइपलाइन कॉरिडोर या सुविधाओं पर असामान्य गतिविधियों के बारे में किसी भी टिप्पणी के लिए, जो आपके द्वारा देखा गया, हमें सूचित करने के लिए कृपया हमसे संपर्क करें, जिसमें निम्नलिखित हो सकता है:-

- क्षेत्र में अनधिकृत पहुंच या संदिग्ध गतिविधियां
- कॉरिडोर में विलेप, भू-क्षरण, वॉशआउट
- कॉरिडोर में मिट्टी खुदाई या मिट्टी संबंधी काम
- गिरे हुए या क्षतिग्रस्त मार्कर संकेत

# आपातकालीन संपर्क

**DUSUP गैस कंट्रोल स्टेशन (24 घंटे)**

**टेलीफोन: 04 - 880 1867** **फैक्स: 04 - 880 1808**

**स्मरण रखें: पाइपलाइनों की सुरक्षा करना प्रत्येक का कर्तव्य है।**

# याद रखें

कोई भी नौकरी इतनी महत्वपूर्ण नहीं है और कोई भी सेवा इतनी जरूरी नहीं है कि हम अपना काम सुरक्षित रूप से करने के लिए समय न निकाल सकें।

**सुरक्षा** का अर्थ है आकस्मिक अस्वीकार्य जोखिम से स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है।



هيئة دبي للتجهيزات
Dubai Supply Authority

# सोचें

## सुरक्षा हर किसी का कर्तव्य है